


... सिर्फ सच का साथ
# जनमुख
वाराणसी, शुक्रवार, 19 जून-2026
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित
● वर्ष-43 ● अंक 248 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# टेलीग्राम से बैन नहीं हटेगा

## हाईकोर्ट ने प्रतिबंध हटाने वाली याचिका खारिज की, कहा-सरकार के पास अधिकार है

**● मैसेजिंग प्लेटफार्म को झटका, फैसला बरकरार**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने NEET की दोबारा परीक्षा के कारण केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए अस्थायी बैन को चुनौती देने वाली टेलीग्राम की याचिका खारिज कर दी है, जिससे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को कोई राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने साफ किया कि देश की इतनी बड़ी परीक्षा की सुरक्षा के लिए सरकार को आपातकालीन कदम उठाने और अस्थायी प्रतिबंध लगाने का पूरा कानूनी अधिकार है। अब 22 जून तक टेलीग्राम पूरे भारत में बंद रहेगा। शुक्रवार यानी की आज सुबह 10:30 बजे दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस तेजस का-रिया की सिंगल-जज बेंच ने अपना फैसला सुनाया। जस्टिस तेजस करिया ने IT एक्ट की धारा 69A के तहत जारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए, 22 जून तक टेलीग्राम को ब्लॉक करने के सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। टेलीग्राम पर लगे अस्थायी प्रतिबंध को बरकरार रखते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि आपातकालीन स्थिति को देखते हुए सरकार ने आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत प्रक्रिया का पालन किया है। कोर्ट ने कहा कि इन आदेशों में सोच-समझकर निर्णय न लेने जैसी कोई कमी नहीं है। हमने यह भी माना है कि IT एक्ट के तहत इस प्लेटफार्म को जानकारी के दायरे से बाहर रखने का कोई कारण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास सेक्शन 69A के तहत टेलीग्राम तक पहुंच पर रोक लगाने का निर्देश देने का अधिकार है। इसमें आनुपातिकता (proportionality) की कसौटी पूरी होती है और सरकार का यह कदम सबसे कम पाबंदी वाला है। कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act) की धारा 69A के तहत लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को पूरी तरह सही माना है। इस फैसले के बाद अब टेलीग्राम पर 22 जून तक लगी पूर्ण पाबंदी और 30 जून तक मैसेज-एडिटिंग फीचर पर रोक जारी रहेगी। अदालत ने अपने फैसले में माना कि 21 जून को होने वाली नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा 22 लाख से ज्यादा छात्रों के भविष्य से जुड़ी है। कोर्ट ने सरकार के इस तर्क को स्वीकार किया कि टेलीग्राम का तकनीकी ढांचा (आर्किटेक्चर) ऐसा है, जिसका गलत इस्तेमाल संगठित नकल माफियाओं की ओर से धड़ल्ले से किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम सही और जनहित है।

## शांति वार्ता को बड़ा झटका, इजरायल के हमले में लेबनान में 16 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच अभी दो दिन पहले ही जिस ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, वह शुरू होने से पहले ही पूरी तरह खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में रातभर भीषण बमबारी की है, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ, स्विट्जरलैंड में होने वाली अमेरिका-ईरान की बेहद महत्वपूर्ण शांति वार्ता को टाल दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मौजूदगी में बुधवार को ही वर्साय के महल (फ्रांस) में अमेरिका और ईरान के बीच एक शुरुआती शांति समझौता हुआ था। इसका मकसद पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को रोकना था। इस समझौते में साफ कहा गया था कि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकी जाएगी।

## झारखंड में बिजली गिरने से 8 लोगों ने गंवाई जान



**रांची।** झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से भारी तबाही हुई है। इन दर्दनाक घटनाओं में कम से कम आठ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मृतकों में दो महिलाएं और एक दो साल का मासूम बच्चा भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य के छह जिलों से मौत के ये मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित हजारीबाग जिला रहा, जहां बिजली गिरने की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। इसके अलावा राज्य के पांच अन्य जिलों- पलामू, लोहरदगा, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम और गोड्डा - में भी वज्रपात का कहर देखने को मिला। इन सभी जिलों में एक-एक व्यक्ति की जान जाने की खबर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटनाओं की पुष्टि करते हुए बताया, 'पिछले 24 घंटों के भीतर राज्य के छह अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत दर्ज की गई है।'

## झारखंड राज्यसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के आरोपों पर आरजेडी का पलटवार



**पटना।** झारखंड राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस द्वारा राजद और वाम दलों पर क्रॉस वोटिंग का आरोप लगाए जाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने तीखा पलटवार किया है। राजद ने कांग्रेस को आत्ममंथन की सलाह देते हुए कहा कि अपनी राजनीतिक विफलताओं का ठीकरा सहयोगी दलों पर फोड़ना उचित नहीं है। राजद ने एक्स हैंडल पर जारी बयान में कहा कि झारखंड राज्यसभा चुनाव का परिणाम यह साबित करता है कि कांग्रेस अपने ही विधायकों का पूरा समर्थन हासिल करने में असफल रही। बिना तथ्यों के सहयोगी दलों पर सवाल उठाने के बजाय कांग्रेस को पहले अपने संगठन और विधायकों के बीच समन्वय की स्थिति का आकलन करना चाहिए। मार्च में हुए द्विवार्षिक राज्यसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के कई विधायकों ने भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी या मतदान से दूरी बनाई थी।

## चाची 'चक्कर' में चाचा का कत्ल

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत के थाना सेक्टर-13-17 क्षेत्र के गढ़सरनाई में बैंक के सिक्योरिटी गार्ड मदन की हत्या में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, प्रेम संबंधों में बाधक बनने पर मदन की पत्नी पिंकी और जेठ के लड़के विशाल ने मदन की हत्या की थी। दोनों ने मदन को पहले खीर में नशीली दवा दी। इसके बाद मदन के मुंह में कीटनाशक भर दिया। नशे की हालत में विरोध किया तो सिर में लोहे की छड़ से वार कर घायल कर दिया इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। आशिक-माशूक ने पुलिस की पूछताछ में अपना अपराध कबूल किया है।



## नीट री-एग्जाम में तीन मई वाला प्रवेश पत्र मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** री-नीट (UG) 2026 परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए NTA ने जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 21 जून को आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा में 3 मई वाला पुराना प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थियों को नया एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करना भी अनिवार्य होगा। एनटीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी, 'यह साफ किया जाता है कि जिन लोगों ने 21 जून की नीट यूजी परीक्षा के लिए अपने एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिए हैं, उन्हें दोबारा ऐसा करने की जरूरत नहीं है। एसएमएस/ईमेल/वॉट्सएप मैसेज मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए हैं, जिन्होंने अभी तक अपने नए एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं।' एनटीए ने कहा, '3 मई वाले एडमिट कार्ड मान्य नहीं होंगे क्योंकि कई छात्रों को उनके पसंदीदा शहरों में नए सेंटर अलॉट किए गए हैं। 21 जून का एडमिट कार्ड एक बार डाउनलोड और प्रिंट करना ही काफी है।

# एसआईटी की जांच में सारी असलियत सामने आ जाएगी

**● राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले आज उपदेश दे रहे हैं**

## राममंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में सीएम योगी का पहला बयान



**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। उन्होंने कहा कि सपा के दो-हरे चरित्र को देखो, कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। लेकिन, मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करे। जिन लोगों ने 2017 के पहले शासन किया था। आखिर उन्होंने कामाख्या धाम को नगर पंचायत क्यों नहीं बनाया। हमने वीरांगनाओं के नाम पर 3 पीएसी की यूनिट बनाए हैं। यह वीरांगना झलकारी बाई, अवंतीबाई, उदादेवी पासी के नाम पर हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन तीनों बटालियन में सिर्फ बेटियां ही भर्ती होंगी।

## सेंसेक्स 750 अंक से ज्यादा टूटा, निफ्टी 24 हजार के नीचे




**नई दिल्ली।** गुरुवार की मजबूती के बाद, शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बेहद खराब रही है। शुरुआती कारोबार में ही बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली है, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी बुरी तरह धड़ाम हो गए हैं। हालांकि, अमेरिका-ईरान समझौते की उम्मीदों और डॉलर के मुकाबले मजबूत होते रुपये से विश्लेषकों को आगे बाजार में रिकवरी की आशा है। सुबह बाजार खुलते ही निवेशकों में निराशा छा गई। आईटी कंपनियों में भारी बिकवाली के चलते शुक्रवार को पांच दिनों की तेजी के बाद शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में गिरावट आई। एक्सेंचर की राजस्व वृद्धि के अनुमानों में कटौती के बाद यह नरमी देखी गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 786.58 अंक गिरकर 76,624.90 पर आ गया।




# आ रही हैं खुशियां, जमाने वालों दामन संभालो

## पेट्रोल-डीजल, एलपीजी से लेकर साबुन-दवाइयां होंगी सस्ती, खाने-पीने के सामानों का भी दाम घटेगा



**● फल-फूल और खेती-किसानी के सामानों के भाव भी उतरेंगे**

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच 19 जून को होने वाला प्रस्तावित शांति समझौता सिर्फ एक कूटनीतिक सफलता नहीं, बल्कि भारत के लिए एक बड़ी आर्थिक राहत साबित हो सकता है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत का करीब 85% कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए इस समझौते के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य होते ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (LPG) के दाम में गिरावट देखने को तो मिलेंगे ही। साथ ही इसका असर ट्रांसपोर्टेशन और मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट पर भी दिखेगा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट होने से पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल जैसे सिंथेटिक धागे, रबर, प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल्स सस्ते होंगे, जिससे आगे चलकर कपड़े, साबुन, डिटर्जेंट, कॉस्मेटिक्स, दवाइयां, टायर और यहां तक कि खेती-किसानी के सामान भी सस्ते हो सकते हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अगर पूरी तरह खुल जाता है तो निर्वाध कच्चे तेल का आयात होगा और बाजार में तेल की उपलब्धता बढ़ जाएगी। इससे कच्चे तेल की कीमतें कम हो जाएंगी और आगे चलकर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी राहत मिल सकती है। भारत LPG गैस के लिए भी आयात पर काफी निर्भर है। लगभग 88% LPG आयात इसी रास्ते से जुड़े रहे हैं। ऐसे में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुलने से भारत पर्याप्त मात्रा में एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध हो सकेगा और इससे सरकार को LPG कीमतों को स्थिर रखने और सब्सिडी का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। इसका सीधा फायदा घरेलू उपभोक्ताओं तक देखने को मिल सकता है। डीजल का उपयोग बड़े पैमाने पर खेती, कोल्ड स्टोरेज और माल ढुलाई में भी होता है। सब्जी-फल और दूसरे खाने पीने के सामान एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने में ट्रांसपोर्ट लागत अहम भूमिका निभाती है। इसके अलावा खाड़ी देशों के फर्टिलाइजर का भी कृषि में अहम योगदान है, ऐसे में अगर डीजल और खाद सस्ता होते हैं तो खाने-पीने की चीजों के दाम कम हो सकते हैं।

जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 40.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 19 जून, शुक्रवार, 2026 (2)






# एक हाथ में फरसा दूसरे में संविधान

## जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने राहुल का परशुराम के रूप में किया दुग्धाभिषेक



### ● अनूठे तरीके से मनाया गया 56वां बर्थ-डे, ब्राह्मणों को रिझाने की कोशिश!





**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** धर्म और आध्यात्मिक नगरी काशी में नेता विपक्ष सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिवस अनोखे तरीके से मनाया गया कांग्रेस नेताओं ने भगवान परशुराम के प्रारूप में राहुल गांधी को दर्शाया और उनके ऊपर दूध से अभिषेक किया। इस दौरान राहुल गांधी का स्वरूप भगवान परशुराम की तरह नजर आया। एक हाथ में फरसा तो दूसरे हाथ में संविधान। कहीं ना कहीं एक बार फिर कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ब्राह्मण नेता के रूप में लॉन्च करने जा रही है। समाजवादी पार्टी के बाद अब राहुल गांधी के माध्यम से कांग्रेस भी एक बार फिर ब्राह्मण नेताओं को और ब्राह्मण वोट को अपने और आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि आज हम लोगों ने नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन धर्म की नगरी काशी में मां गंगा की गोद में मनाया है हम लोगों ने उनका दूध से अभिषेक किया है और बाबा विश्वनाथ मां गंगा से यह प्रार्थना किया है कि राहुल गांधी स्वस्थ रहें।

### गाय पूज कर मनाया राहुल का जन्मदिन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने वाले हर दिल अजीज मा. राहुल गांधी का जन्म दिवस 56 द्वारा मनाया गया। उनके जन्म दिवस के अवसर पर रामापुरा में गायों की पूजा अर्चना कर गुड़ और हरा चारा खिला कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं आनन्द पूर्वक रहने की कामना की गयी। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा कि देश के सामने विकराल समस्याएं हैं जिनके बीच राहुल गांधी एक आशा का दीप बन कर उभरे हैं। 22 लाख बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों की जिम्मेदारी तय नहीं नीट की परीक्षा लीक होने पर सीधे छात्रों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र नाथ टैगोर मंडल के अध्यक्ष प्रेम दीप तिवारी धन्यवाद ज्ञापन बंगाली टोला ब्लॉक के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमोद वर्मा ने किया।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटी गयी खिचड़ी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं करोड़ों युवाओं की आशाओं के प्रतीक आदरणीय राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः 8 बजे दशाश्वमेध स्थित खिचड़ी बाबा मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा खिचड़ी बाबा मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन एवं आरती के साथ हुआ। इस दौरान देश में सुख, शांति, समृद्धि, सामाजिक सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए प्रार्थना की गई। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं, के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के करोड़ों युवाओं, छात्रो, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, समाज के वंचित वर्गों की सशक्त आवाज़ हैं। कार्यक्रम में गणेश शंकर पाण्डेय, डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, मनीष मोरोलिया, ओमप्रकाश ओझा, संतोष चौरसिया, अब्दुल हमीद डोडे, प्रमोद वर्मा, नरसिंह दास, बह्मदत्त त्रिपाठी, विनोद शुक्ला, अखिलेश पाण्डेय, आकाश त्रिपाठी, विवेक यादव, आकाश मल्होत्रा, दीपक यादव, आशिष त्रिपाठी, रामजी गुप्ता, महेन्द्र, शशी आदि उपस्थित रहे।







### भाई की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की बाईक गिरी नहर में, मौत

**वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट के चौबेपुर क्षेत्र के पंडापुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह अपने छोटे भाई के शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने जा रहा युवक बाइक समेत नहर में गिर गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल राजभर 22 वर्ष निवासी हरिहरपुर धौरहरा थाना चौबेपुर के रूप में हुई। वह बाइक मिस्त्री था। अनिल राजभर के छोटे भाई सुनील राजभर की 22 जून को शादी होनी थी। जिसका कार्ड बांटने अनिल अपनी बहन पूजा के घर पंडापुर गांव जा रहा था। पिछले वर्ष उसकी भी शादी हुई थी। अनिल चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। गांव के पास पहुंचा ही थी कि बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में अनिल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गांव में कोहराम मच गया। घर में शादी का माहौल मातम में बदल गया। मृतक की पत्नी नेहा का रो-रो कर बुरा हाल है, वह बार-बार बेहोश हो जा रही है।



### शिवपुर से उठा दुलदुल का जुलूस शिया बहुल इलाकों में या हुसैन की गूंज



**वाराणसी।** मोहर्रम का महीना शुरू होते ही शिया बहुल इलाकों में सदा ए या हुसैन गूंज रही है। इसी क्रम में वाराणसी के शिवपुर से गुरुवार की रात अंजुमन पंजतनी ने दुलदुल का जुलूस उठाया। जिसमें कई मौलानाओं ने तकरीर की और वाराणसी की 12 अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। मरहूम एखलाक हुसैन के इमामबाड़े से उठे इस जुलूस ने 2 किलोमीटर का सफर 7 घंटे में पूरा किया। जुलूस की मजलिस को मौलाना फिरोज हैदर ने जुलूस की मजलिस को खिताब फ़रमाया और इमाम हुसैन के जीवन पर प्रकाश डाला। जुलूस उठें पर अंजमुन पंजतनी, अंजुमन हैदरी, अंजुमन जव्वादिया आदि अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। जुलूस अल सुबह वापस इमामबारगाह पर समाप्त हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में जायरीन उमड़े।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरिफल सिंह की 41वीं पुण्यतिथि



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** देश की आजादी के लिए जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरिफल सिंह की 41वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी गयी। इस मौके पर उनके पौत्र व्यापारी नेता अखिलेश जी ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री से नदेसर तालाब पार्क में उनकी प्रतिमा स्थापना की मांग की। उन्होंने बताया कि हरिफल सिंह ने 16 वर्ष की आयु में स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया था। कैद और नजरबंद जैसी यातनाएं सहीं। काशी विद्यापीठ के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में 35 वर्षों तक सेवा दी। कई समाचार पत्रों में सम्पादक रहे। पेंशन और सांसदी का प्रस्ताव ठुकराकर स्वाभिमान का परिचय दिया। 16 जून 1985 को निधन के बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तिथि विशेष पर उनके पौत्र डा. अविनाश सिंह द्वारा नदेसर स्थित साईं मंदिर पर शरबत एवं दवा का वितरण किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना संख्या : 100/2026

**रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु औड़िहार - दोहरीघाट - औड़िहार के मध्य चलने वाली मेमू गाड़ी संख्या 65122/65121 का मार्ग विस्तार वाराणसी सिटी तक किया जा रहा है। दिनांक 20.06.2026 से संशोधित समयानुसार इसका संचलन वाराणसी सिटी - दोहरीघाट - वाराणसी सिटी से निम्नानुसार किया जायेगा-

नियमित गाड़ी सं. 65122/65121 वाराणसी सिटी-दोहरीघाट-वाराणसी सिटी के मध्य संशोधित समय एवं ठहराव

| 65122 (वाराणसी सिटी-दोहरीघाट) प्रतिदिन संशोधित समय | | ↓ स्टेशन ↑ | 65121 (दोहरीघाट-वाराणसी सिटी) प्रतिदिन संशोधित समय | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | **04.45** | **वाराणसी सिटी** | **12.35** | -- |
| 04.55 | 04.57 | सारनाथ | 12.18 | 12.20 |
| 05.06 | 05.07 | कादीपुर | 11.54 | 11.55 |
| 05.13 | 05.14 | रजवारी | 11.47 | 11.48 |
| 05.25 | 05.27 | औड़िहार | 11.35 | 11.37 |
| 05.46 | 05.48 | सादात | 11.12 | 11.14 |
| 05.58 | 06.00 | जखनियाँ | 11.00 | 11.02 |
| 06.10 | 06.12 | दुल्लहपुर | 10.50 | 10.52 |
| 06.35 | 06.40 | मऊ | 10.25 | 10.30 |
| 06.50 | 07.00 | इन्दारा | 10.05 | 10.15 |
| 07.10 | 07.12 | कोपागंज | 09.46 | 09.48 |
| 07.30 | 07.32 | घोसी | 09.28 | 09.30 |
| 07.48 | 07.50 | अमिला | 09.10 | 09.12 |
| 08.03 | 08.05 | मुरादपुर | 08.53 | 08.55 |
| **08.30** | -- | **दोहरीघाट** | -- | **08.40** |

रेक संरचना - मेमू = 08 कोच
मुजाधि/टी-22 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## पीएचसी की वास्तविक तस्वीर दिखाएगी वेब सीरीज 'छोड़ो यार जाने दो'



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** ओटीटी प्लेटफार्म डिजीफिल्मिंग पर आने वाली वेब सीरीज 'छोड़ो यार जाने दो' को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा गर्म है। इस सीरीज की शूटिंग उत्तर प्रदेश के वाराणसी के आसपास ओरिजनल लोकेशन पर की गई है। निर्देशक समर मुखर्जी की इस वेब सीरीज की कहानी उत्तर प्रदेश के प्राथमिक हेल्थ सेंटर पी.एच.सी. की पृष्ठभूमि पर आधारित है और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत दिखाती है। इस सीरीज के कहानीकार इमरान हैं। स्क्रीन प्ले और संवाद शक़ील क़ुरैशी ने लिखा है। डीओपी विमल मिश्रा और मोहसिन खान एवं एडिटिंग मोहम्मद सुहैल ने किया है। निर्देशक समर के. मुखर्जी की माने तो यह वेब सीरीज लोगों का भरपूर मनोरंजन करेगी। इसका लेखन जो कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण जीवन को दर्शाता है और प्राथमिक हेल्थ सेंटर पी.एच.सी. की हर छोटी-बड़ी समस्याओं को बेहद सहजता और कॉमेडी के जरिये दिखाया गया है। सीरीज के कलाकारों में टीवी जगत् में अपनी बड़ी पहचान बनाने वाले हितेन तेजवानी की वेब सीरीज में अहम भूमिका है। डेजी बोपन्ना, अनंत जोग, प्रिंस दुआ जैसे कलाकारों से सजी इसर वेब सीरीज में बनारस के कलाकार सुरोजीत चटर्जी, आनंद कुमार, अखिलेश शुक्ला, अमर मुखर्जी, राजवर्धन सिंह, शिल्पी बनर्जी, रश्मि वर्मा जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय क्षमता की अमिट छाप छोड़ी है। इस वेब सीरीज का यह सीजन-1 है। इसे पहले यू-ट्यूब पर रिलीज करने के बाद आगे और भी चैनल पर रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीजिंग की डेट 20 जून को रखी गयी है।

## कम लागत में होती है प्राकृतिक खेती

### ● जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का भव्य आयोजन



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** कृषि विभाग द्वारा कृषक उत्पादक संघ (एफपीओ) एनसीडीसी प्रशिक्षण केंद्र, टिकरी में बृहस्पतिवार को जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद एवं प्रदेश स्तर के जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों तथा 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूनम मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, डॉ. सुनील पटेल, विधायक रोहनिया, राम प्रकाश सिंह 'वीरू', जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, राम सकल पटेल, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, संतोष कुमार राय, संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण), लखनऊ, शैलेंद्र कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक, अमित जायसवाल, उप कृषि निदेशक, तथा संगम सिंह, जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

### महेश नवमी 23 को, दशाश्वमेध घाट से निकलेगी शोभायात्रा



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** माहेश्वरी समाज द्वारा 23 जून को महेश नवमी पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में समाज की बैठक आयोजित की गई। माहेश्वरी समाज के प्रशासनिक एवं परिषद के मीडिया प्रमुख गौरव राठी ने बताया कि 19 जून से 'महेश सप्ताह' का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट, बच्चों को निःशुल्क पुस्तक एवं स्टेशनरी किट वितरण, खिचड़ी-शरबत वितरण, रक्तदान शिविर, नेत्रदान जागरूकता अभियान, निःशुल्क प्याऊ स्थापना तथा पर्यावरण संरक्षण पर जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख हैं। महेश नवमी के दिन 23 जून को प्रातः 6:30 बजे दशाश्वमेध घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गोदौलिया, हुए काशी विश्वनाथ धाम पहुंचेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहभागिता करेंगे।

## आयुष मंत्री ने वितरित किया फल एवं शरबत

### ● पुरुषोत्तम मास पूर्णाहुति पर कार्यक्रम का आयोजन



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** पुरुषोत्तम मास के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने गोदौलिया चौराहे पर श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क फल एवं शरबत का वितरण किया। इसके उपरांत चौखंबा स्थित षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर में आयोजित भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि पुरुषोत्तम मास सेवा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का पावन अवसर है। कार्यक्रम में पार्षद संजय विश्वंभरी, गौरव राठी, कन्हैया लोहिया, उमेश जोगइ, सर्वेश वर्मा, पार्षद जितेंद्र कुशवाहा, 'भईयो भैया', मनोज कपूर, अरुण पारिख, मनोज 'मुनीम', प्रमोद राय, मधुसूदन दास, अतुल शाह, सौरभ राय, राजेश वर्मा, आकाश सेठ, सुनील मिश्रा, सौरभ पाठक, दीपेश चौधरी, संजय शाह, मक्खन, बालकृष्ण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### दो बाइक की टक्कर में युवक की जान गई



**चंदवक।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के लठेपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने बुधवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक संतोष पाल (28)की मौत हो गई। घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि मटियारी गांव निवासी संतोष पाल बुधवार की रात लगभग 8 बजे अपनी बहन को चंदवक थाना क्षेत्र के कोयलारी गांव छोड़कर घर लौट रहा था। लठेपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचते ही संतोष की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से सीधे टकरा गई। हादसे में संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक अपनी बाइक घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। संतोष पाल अपने दो बड़ी बहनों का इकलौता भाई था। संतोष के पिता की मौत 15 वर्ष पूर्व ही हो चुकी है। संतोष प्राइवेट ट्यूशन पढ़ाकर अपना जीवन यापन करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर बाइक सवार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## सोनभद्र समाचार

### ऑपरेशन के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत वाराणसी में मौत, लापरवाही का आरोप

**करमा।** थाना क्षेत्र के केकराही स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती प्रसूता की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ गई। वाराणसी रेफर किए जाने के बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। घोरावल क्षेत्र के पुरखास गांव निवासी संतोषी (25) पत्नी रामजी प्रसव के लिए करमा क्षेत्र के टिकुरिया स्थित अपने मायके आई थीं। बुधवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें केकराही के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में बताया गया कि गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो चुकी है और तत्काल ऑपरेशन जरूरी है।

## भदोही समाचार

### टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बुलंद की आवाज




**ज्ञानपुर।** टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने वर्ष 2010 से पहले नियुक्त हुए शिक्षकों को टीईटी से राहत देने की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी अधिसूचना और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के कारण शिक्षकों की सेवा सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इसमें देश भर में 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक और उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षक शामिल हैं। देश के विभिन्न राज्यों में 23 अगस्त 2010 से पूर्व और प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त सभी सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय के प्रभावी नियमों के अनुसार वैध थीं। बाद में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें आवश्यक विधायी, नीतिगत या प्रशासनिक कदम उठाकर इन शिक्षकों को पूर्ण संरक्षण प्रदान करें। कहा कि दशकों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों के भविष्य को अनिश्चितता में डालना शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता और शिक्षकों के मनोबल दोनों को प्रभावित करेगा।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अलीगंज।** बंधुआकला के मिश्र का पुरवा गांव में बुधवार रात ट्रैक्टर ट्रॉली से लोहे का पाइप उतारते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। नारे तीर अलीगंज निवासी अनुराग शुक्ल (19) बुधवार रात अपने मित्र आशीष के बुलाने पर मिश्र का पुरवा गांव गए थे। वहां ट्रैक्टर-ट्रॉली से लोहे की पाइप उतारी जा रही थी, अनुराग भी पाइप उतारने में मदद करने लगे। तभी पाइप घर के सामने से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। करंट की चपेट में आने से अनुराग गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन व ग्रामीण उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## बलिया समाचार

### गंगा में स्नान करते समय गहरे पानी में डूबा युवक



**फेफना।** थाना क्षेत्र के माल्देपुर गंगा घाट पर बृहस्पतिवार की सुबह स्नान के दौरान एक युवक गंगा में डूब गया। इसकी खबर लगते ही घाट पर खलबली मच गई, लोग जल्दी से स्नान कर वहां से निकल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को घटना की जानकारी दे स्थानीय नाविकों की सहायता से युवक की खोजबीन में जुट गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर उदयभान निवासी 18 वर्षीय दीपू यादव अपने मित्र धनंजय कुमार के साथ सुबह करीब पांच बजे माल्देपुर गंगा घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करते समय दीपू अचानक गहरे पानी में जाने से डूबने लगा, उसे बचाने के प्रयास में धनंजय भी पानी में फंस गया, लेकिन घाट पर मौ-जूद नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। तब तक दीपू तेज धारा में बह गए और लापता हो गए। नाविकों व नहा रहे युवकों ने काफी तलाश किया। डूबने की खबर पर रोते बिलखते परिजन पहुंचे। फेफना थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय दलबल के साथ पहुंच नदी में नाविकों की सहायता से दीपू की काफी तलाश किया लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजन चिलचिलाती धूप में घाट पर युवक के मिलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि दीपू पढ़ाई के साथ-साथ सेना भर्ती की तैयारी भी कर रहे थे। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है, एनडीआरएफ को सूचना दे दी गई है।

## मऊ समाचार

### भाई से कहासुनी के बाद युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**मऊ।** घोसी कोतवाली के बड़ागांव निवासी सानिया (18) ने बुधवार की शाम पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई से किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बड़ागांव निवासी राजकुमार कन्नौजिया ने बताया कि बेटी सानिया और उसके भाई के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। शाम करीब पांच बजे उसकी मां बकरी चराने चली गईं। शाम 5:30 बजे घर लौटने पर उन्होंने बेटी का शव पंखे से लटकता देखा। परिवार के अन्य सदस्यों ने शव को नीचे उतारा और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल रविंद्रनाथ राय ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## गोरखपुर समाचार

### दांत के साथ पैदा हुआ बच्चा:पूरी तरह स्वस्थ है



**गोरखपुर।** बड़हलगंज में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया, जिसके मुंह में जन्म लेने के समय से ही दांत है। इस बात ने शुरू में परिजनों को परेशान किया लेकिन डॉक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि इसमें डरने की कोई बात नहीं। यह असंभव नहीं लेकिन रेयर है। कभी-कभी ऐसे मामले सुने, देखे जाते हैं। फिलहाल बच्चा स्वस्थ है। डॉक्टर ने उसके दांत की निगरानी करने को कहा है। अभी बच्चे की उम्र 8 दिन है। बड़हलगंज निवासी महिला ने 11 जून को एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चा जब रोया तो उसक नीचे के मसूड़े पर बीचोबीच एक बड़ा दांत नजर आया। इसे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। बच्चे की स्थिति सामान्य थी। एक-दो दिन बाद उसे कोई समस्या हुई तो गोरखपुर के चंद्रा हास्पिटल में लाकर भर्ती कराया गया। लगभग 5 दिन भर्ती रहने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। यहां भी बच्चे के मुंह में दांत देख हास्पिटल स्टाफ और डॉक्टर चकित रह गए। बच्चे के परिजन काफी खुश हैं। हालांकि दांत को लेकर वे थोड़े सशंकित हैं। लेकिन उनका कहना है कि डॉक्टर इसे खतरे की बात नहीं बता रहे। हमारे लिए यह काफी अच्छा संकेत है। हम इसपर नजर रखेंगे। कुछ भी परेशानी हुई तो डॉक्टर से संपर्क करेंगे। चंद्रा हास्पिटल के संचालक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश चंद्रा कहते हैं कि जन्म के समय बच्चे के मुंह में दांत होना काफी रेयर केस होता है। इसे हम 'नियोनेटल तीथ' कहते हैं। यह लगभग 2.5 से 3 हजार बच्चों में से किसी एक में होता है। यह बच्चा हमारे यहां भर्ती था। फालोअप में दिखाने आया था। इसका दांत जन्म से ही है। यह दूध का दांत नहीं है। दूध के दांत 6 से 8 महीने में आते हैं। यह दांत के बेस के साथ चला आता है।

डा. चंद्रा बताते हैं कि दांत नीचे के जबड़े में लगा रहता है इसलिए दूध सक करने में परेशानी होती है। कभी-कभी स्किन छिलने का डर लगा रहता है। दूध न पी पाने से बच्चा रोता बहुत है। ऐसी स्थिति में किसी तरह का भ्रम नहीं पालना चाहिए। बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए। बच्चों के दांत के डॉक्टर इसे निकाल भी देते हैं, इसमें कोई दिक्कत नहीं होती है। डा. दिनेश चंद्रा ने बताया कि यह काफी रेयर केस है। ऐसा मामला आने पर डॉक्टर से संपर्क जरूर करें। डा. दिनेश चंद्रा ने बताया कि यह काफी रेयर केस है।

## चंदौली समाचार

### चखना दुकान संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के चतुर्भजपुर स्थित बाबा डगरिया सरकार मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार की शाम एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बढ़वलडीह टिकरवापर गांव निवासी सोनू कुमार (28) चतुर्भजपुर बाजार में चिखना की दुकान चलाकर जीविकोपार्जन करता था।

बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े छह बजे ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में एक युवक को काफी देर से पड़े देखा। पास जाकर देखने पर उसकी कोई गतिविधि नहीं दिखी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## आजमगढ़ समाचार

### पोर्टल पर शिकायतों के डिफॉल्टर होने और स्पेशल क्लोजर की बढ़ती संख्या से डीएम नाराज

**आजमगढ़।** जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों की शिकायतों के निस्तारण के लिए बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने पोर्टल पर शिकायतों के डिफाल्टर होने और स्पेशल क्लोजर की बढ़ती संख्या पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत का स्पेशल क्लोजर करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियंता बिजली पंचम के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, लालगंज पूर्ति निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, बीएसए तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी को आईजीआरएस शिकायतों के डिफाल्टर होने पर फटकार लगाई। लंबित मामलों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। धारा-34 के मामलों में लापरवाही बरतने पर तीन नायब तहसीलदारों को नोटिस जारी किया। डीएम ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मई एवं जून की सभी लंबित राजस्व संबंधी आईजीआरएस शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर दो दिनों के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लेखपालों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का नायब तहसीलदार स्वयं स्थलीय सत्यापन करें तथा गलत रिपोर्ट मिलने पर संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की गलत आख्या न लगाई जाए।

## गाजीपुर समाचार

### कोई भी ताजिया 10 फीट से बड़ा न बनाया जाए : डीएम

**गाजीपुर।** सावन माह, कांवड़ यात्रा और मुहर्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, सीओ और थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ताजियादारों के साथ बैठक कर जानकारी दे दी जाए कि कोई भी ताजिया 10 फीट से बड़ा न बनाया जाए।

कानून एवं शांति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए डीएम ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अराजक एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध समय रहते प्रभावी एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मीरजापुर समाचार

### मुख्यमंत्री योगी की विकासवादी सोच से बदल रही मीरजापुर की तस्वीर



**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासवादी सोच से पिछड़े जिलों में शुमार मीरजापुर में औद्योगिक विकास अब रफ्तार पकड़ने लगा है। पारदर्शी प्रक्रिया के चलते जनपद में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश करने वाली 80 कंपनियों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इन 80 कंपनियों ने 1734 करोड़ रुपये की लागत से जनपद के विभिन्न स्थानों में ईकाइयां स्थापित की हैं, जहां पर पांच हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होने के साथ ही लगभग 10 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। यह औद्योगिक विकास युवाओं के पलायन को रोकने में सहायक होने के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में मीरजापुर को भी मजबूत स्थान प्रदान करेगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के उपायुक्त संदीप कुमार जनपद में औद्योगिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से जनपद में निवेश के लिए प्राप्त हुए प्रस्तावों में 104 प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए चिन्हित किया गया था। जिनमें से 80 ईकाइयों ने कार्य भी शुरू कर दिया है, जिससे 5238 युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है, जबकि एक अनुमान के मुताबिक 10 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार की प्राप्ति हुई है।

उन्होंने बताया कि 20 औद्योगिक ईकाइयां अभी निर्माण की अवस्था में हैं, जिनके जल्द संचालन को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बताया कि मड़िहान में अडानी समूह द्वारा 18,300 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जा रहा थर्मल पावर प्लांट भी जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

यह परियोजना मीरजापुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे भारी मात्रा में युवाओं को रोजागार प्राप्त होने के साथ ही देश-प्रदेश की ऊर्जा जरूरत भी काफी हद तक पूरी होगी। बताया कि शेष 4 ईकाइयों की स्थापना को लेकर समस्त प्रक्रिया पूर्ण चुकी हैं। जल्द ही यह कंपनियों भी निर्माण कार्य शुरू करेंगी।

## देवरिया समाचार

### शिवानंद चौरसिया का शव पहुंचा गांव, घर-आंगन में मातम, ग्रामीणों की आंखें नम



**देवरिया।** शिवानंद चौरसिया का शव बुधवार को गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। कई दिनों से जिस पल का परिवार इंतजार कर रहा था, वह पल आते ही दर्द के सैलाब में बदल गया। ताबूत में बंद शिवानंद का शव देखते ही परिजनों का धैर्य जवाब दे गया और घर-आंगन में चीख-पुकार मच गई। पत्नी सुशीला पति का शव देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगीं। वह बार-बार शव से देखकर विलाप करती रहीं और कई बार बेहोश होकर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद महिलाएं उन्हें संभालतीं, पानी पिलाकर होश में लातीं, लेकिन पति को खोने का दर्द उन्हें बार-बार बेसुध कर दे रहा था। पिता रामजी चौरसिया और मां कलावती देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल था। मां बेटे के चेहरे को निहारते हुए बेसुध हो गईं, जबकि पिता बार-बार यही कहते रहे कि बुढ़ापे का सहारा उनसे छिन गया। छोटे भाई रामप्रवेश चौरसिया भी अपने बड़े भाई के शव को देखकर फूट-फूटकर रो पड़े। जब चार वर्षीय पुत्र राजवीर अपने पिता को पुकारते हुए जोर-जोर से रोने लगा। मासूम की चीख और बेबसी देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। गांव की महिलाएं सिसक उठीं और कई लोगों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। घर के बाहर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। हर चेहरा गम में डूबा नजर आया। लोगों की जुबान पर यह बात आम थी कि गांव ने अपना एक प्रिय बेटा, परिवार ने अपना सहारा और मासूम बेटे ने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया।

## प्रयागराज समाचार

### हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, एक साथ नहीं लगायी जा सकती आईपीसी की धारा 420 और 409



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 और 406 एक साथ नहीं लगायी जा सकती। किसी केस में यह दोनों धाराएं एक साथ लगायी गयी हैं तो वह केस कानून की नजर में टिक नहीं सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकलपीठ ने सुनाया है। कोर्ट ने मेरठ जिले के सिविल लाइंस थाने में दर्ज (राज्य बनाम अभिषेक गौतम) केस को संज्ञान लिए जाने और उस पर जारी समन को रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता अभिषेक गौतम के खिलाफ धारा 420,406,504, 506 आईपी-सी में थाना सिविल लाइन्स, जिला मेरठ में प्राथमिकी दर्ज है। अपर मुख्य न्यायाधीश कोर्ट ने याची के खिलाफ संज्ञान/ समन आदेश जारी किया था। याची ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल संज्ञान/ समन आदेश सहित पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम और अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम ने दलील दी कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में जो भी तथ्य दिए गये हैं वह गलत तथ्यों पर आधारित है। केस में दिए गए तथ्य मनमाने और मनगढ़ंत हैं, जिसका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है। राज्य की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के दलीलों का विरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली रेस क्लब केस में सुनाए गए लैंडमार्क फैसले का जिक्र किया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी के बीच फर्क है। धोखाधड़ी के लिए गलत या गुमराह करने वाली बात कहते समय यानी शुरुआत से ही आपराधिक नीयत का होना जरूरी है। आपराधिक विश्वासघात में सिर्फ यह साबित करना काफी है कि कोई चीज भरोसे में सौंपी गई थी। इस तरह आपराधिक विश्वासघात के मामले में अपराधी को कानूनी तौर पर संपत्ति सौंपी जाती है और वह बेईमानी से उसका गलत इस्तेमाल करता है। जबकि धोखाधड़ी के मामले में अपराधी किसी व्यक्ति को धोखा देकर या बहकाकर कोई संपत्ति देने के लिए उकसाता है। ऐसी स्थिति में दोनों अपराध एक साथ नहीं हो सकते। कोर्ट ने याची के खिलाफ संज्ञान लिए जाने और उस पर जारी समन को रद्द कर दिया है।

## लाइफ मंत्र

### Somnath Mandir की अद्भुत कहानी: जब चंद्रमा को मिला श्राप, Lord Shiva ने ऐसे की रक्षा

दक्ष के समझाने पर चन्द्रमा ने समस्त पत्नियों के साथ एक-सा व्यवहार करने का वचन दिया, लेकिन उनकी रोहिणी के प्रति आसक्ति पूर्व की भांति बनी रही। वे अन्य पत्नियों की उपेक्षा करते ही रहे। दुखी पत्नियां पुनः अपने पिता दक्ष के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी व्यथा-कथा तथा उपेक्षा से परिचित कराया।



गुजरात के पश्चिम-दक्षिण छोर पर सागर के तट पर स्थित पाटन जिसे प्रभासपात्तन भी कहा जाता है में स्थित है सोमनाथ मंदिर। यहां भगवान शिव का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। यह भारत के द्वादश ज्योा-तिर्लिंगों में प्रमुख है। स्कन्दपुराण के प्रभासखण्ड में सोमनाथ की महिमा निरूपित है। प्रभासपाटन की चार वस्तुएं प्रसिद्ध हैं- नदी, नारी, अश्व तथा भगवान सोमनाथ का दर्शन। स्कन्दपुराण के अनुसार, दक्ष प्रजापति की 27 पुत्रियां थीं। उन सबके पति चन्द्रमा थे। इनमें रोहिणी सर्वाधिक सुन्दरी होने के कारण चन्द्रमा को अत्यधिक प्रिय थी। चन्द्रमा सदैव उसी के साथ रहते थे। उपेक्षित पत्नियों ने चन्द्रमा की शिकायत दक्ष प्रजापति से की।

दक्ष के समझाने पर चन्द्रमा ने समस्त पत्नियों के साथ एक-सा व्यवहार करने का वचन दिया, लेकिन उनकी रोहिणी के प्रति आसक्ति पूर्व की भांति बनी रही। वे अन्य पत्नियों की उपेक्षा करते ही रहे। दुखी पत्नियां पुनः अपने पिता दक्ष के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी व्यथा-कथा तथा उपेक्षा से परिचित कराया। दक्ष प्रजापति चन्द्रमा पर कुपित हो उठे। अत्यधिक क्रोधित होकर उन्होंने चंद्रमा को शाप दे दिया कि तू निस्तेज हो जाएगा और क्षयरोग से पीडि़त रहेगा। चन्द्रमा शक्तिहीन तथा निस्तेज होते गये। उनकी कांति मलिन हो गई। संसार में अंधेरा छाने लगा। चन्द्रमा की बीमारी से पशु, पक्षी, मनुष्य तथा देवता सभी चिंतित हो गये। देवताओं ने दक्ष से चन्द्रमा को शापमुक्त करने का निवेदन किया। दक्ष का क्रोध अभी तक शांत नहीं हुआ था, अतः उन्होंने चंद्रमा को शाप से मुक्त नहीं किया। निर्बल तथा कांतिहीन चन्द्रमा ने दक्ष से वचनभंग करने के लिए क्षमा मांगी। दक्ष ने उनसे कहा कि तुम प्रभासपाटन जाकर शिव की आराधना करो। केवल वे ही तुम्हें निरोग कर सकते हैं।

चन्द्रमा ने प्रभासपाटन जाकर अनेक वर्षों तक शिवजी की आराधना की। चन्द्रमा की तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने कहा कि मैं तुम्हें पूर्ण शक्ति तो नहीं दे सकता, लेकिन महीने में पंद्रह दिनों तक तुम नित्य बढ़ते रहोगे तथा शेष पंद्रह दिनों में तुम्हारी शक्ति का क्रमशः नित्य क्षय होता रहेगा। कृतज्ञता प्रकट करते हुए चन्द्रमा ने प्रभासपाटन में स्वर्ण का मंदिर निर्माण करने का संकल्प लिया। ब्रह्माजी ने प्रभासपाटन में भूमि कुरेदी तो वहां कागदी नींबू के आकार का एक शिवलिंग स्वयं प्रकट हो गया। उस स्थान को दूध तथा मधु से ढककर उप पर ब्रह्मशिला रखी गई। उस पर ब्रह्मा के निर्देशों के अनुसार चन्द्रमा तथा उनकी प्रिय पत्नी रोहिणी ने शिवलिंग की स्थापना की। भागवत, महाभारत आदि में अनेक स्थानों पर प्रभासपाटन का उल्लेख है। यहीं प्राची, सरस्वती, कपिला तथा हिरण्या नदियों का संगम हुआ है। यहीं यदुवंशियों का पारस्परिक युद्ध द्वारा संहार हुआ था। इसके निकट ही बालक तीर्थ है। इस स्थान पर पेड़ के नीचे लेटे हुए श्रीकृष्ण के तलुवे में भील का प्राणघातक तीर लगा था। यह स्थान देहोत्सर्ग कहलाता है। इसी स्थान के निकट बलरामगुका है। श्रीकृष्ण के भाई शेषावतार बलराम अपना कार्य पूरा कर इसी गुफा द्वारा पातालकोक गये थे।

# Rishikesh की Divine शाम, Ganga Aarti का अद्भुत नजारा, बनारस को भी भूल जाएंगे आप



पिछले कुछ सालों में उत्तराखंड का ऋषिकेश Gen-Z के बीच काफी ज्यादा पॉपुलर हो गया है। गंगा नदी के सामने बैठकर सुकून भरे पल बिताने हों या फिर यहां की सुबह और शाम को गंगा आरती देखना हो। यहां आप सुकून भरे पल बिता सकते हैं। हर किसी को घूमने-फिरने का बहुत शौक होता है। पिछले कुछ सालों में उत्तराखंड का ऋषिकेश Gen-Z के बीच काफी ज्यादा पॉपुलर हो गया है। गंगा नदी के सामने बैठकर सुकून भरे पल बिताने हों या फिर यहां की सुबह और शाम को गंगा आरती देखना हो। एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा क्यों न लेना हो, ऋषिकेश में आपको यह सबकुछ देखने को मिलता है। कुल मिलाकर ऋषिकेश में सुकून भरा माहौल देखने को मिलता है। जिस तरह से बनारस की सुबह लोगों को खूब पसंद आती है। ठीक उसी तरह ऋषिकेश की शाम लोगों को पॉजिटिविटी से भर देती है। जैसे ही सूरज ढलता है, गंगा किनारे का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। ऋषिकेश में आरती की आवाजें, शाम के समय ठंडी हवा और जलते हुए दीपकों की रोशनी से मन को सुकून देने का काम करती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप ऋषिकेश में गंगा आरती कहां-कहां देख सकती हैं।

**त्रिवेणी घाट**

ऋषिकेश का त्रिवेणी घाट शाम के समय सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आता है। यहां हर रोज शाम को गंगा आरती होती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। जैसे ही आरती शुरू होती है, पूरे घाट पर घंटियों की आवाज गूंजने लगती है। इस दौरान यहां का माहौल ही एकदम अलग होता है।

**शाम को होती है आरती**

ऋषिकेश में गर्मियों में शाम को 7 बजे गंगा आरती होती है। लेकिन प्रयास करें कि आधे एक घंटे पहले यहां पहुंच जाएं, जिससे कि आपको बैठने की जगह मिल जाएगी। आरती के दौरान मंत्रों के उच्चारण से मन को सुकून मिलता है। जब लोग गंगा में दीपदान करते हैं, तो इसकी दिव्यता और खूबसूरती देखने लायक होती है।

**त्रिवेणी घाट**

मायाकुंड के पास त्रिवेणी घाट स्थित है। आप यहां पर ई -रिक्शा या ऑटो से भी आ सकती हैं। अगर आप जून के महीने में यहां जा रही हैं, तो प्रयास करें कि सुबह और शाम के समय यहां जाएं। इस दौरान यहां मौसम सही रहता है।

**परमार्थ निकेतन की गंगा आरती**

ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन की शाम भी काफी ज्यादा फेमस है। भगवान शिव के भक्त यहां पर जरूर आते हैं। यहां होने वाली गंगा आरती दुनियाभर के लोगों को अपनी ओर खींचती है। यहां पर हर रोज सनसेट के बाद आरती होती है और इसमें हजारों लोग शामिल होते हैं। लोगों को यहां पर गंगा किनारे बैठकर भजन और मंत्रों को सुनना काफी पसंद है।

**पुजारी लेते हैं हिस्सा**

आरती में कई पुजारी हिस्सा लेते हैं, वहीं परमार्थ आश्रम में जो लोग वेदों की पढ़ाई कर रहे हैं। उनको भी गंगा आरती करने का सुनहरा मौका मिलता है। इस दौरान आप लोगों को भक्ति में झूमते देख सकते हैं। लोग गंगा घाट के किनारे सीढ़ियों पर बैठे नजर आते हैं।

**परमार्थ निकेतन**

अगर आप परमार्थ निकेतन आना चाहती हैं, तो आप यहां पर ऑटो या टैक्सी से जा सकती हैं। यह जगह राम झूला से करीब 500 मीटर की दूरी पर है। गंगा किनारे बसे परमार्थ निकेतन की खूबसूरती को निहारने के लिए दुनियाभर से लोग यहां पर आते हैं।



# जून की गर्मी से चाहिए राहत? Uttarakhand का Nainital है Perfect Summer Destination, जानें सबकुछ

**नैना देवी मंदिर भी यहाँ का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर नैनी झील के किनारे स्थित है और श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र है। इसके अतिरिक्त स्नो व्यू पॉइंट, टिफिन टॉप और केव गार्डन जैसे स्थान भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। स्नो व्यू पॉइंट से हिमालय की बर्फीली चोटियों का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है।**

उत्तराखंड का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल जून महीने में घूमने के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। कुमाऊँ क्षेत्र में स्थित यह शहर अपनी सुंदर झीलों, पहाड़ियों और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

गर्मियों में यहाँ का मौसम ठंडा और सुखद बना रहता है, जिसके कारण बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ छुट्टियाँ बिताने आते हैं। जून के महीने में नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।

नैनीताल का मुख्य आकर्षण नैनी झील है। यह झील शहर के बीचोंबीच स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित करती है। झील में नौकायन करना यहाँ आने वाले लोगों की सबसे पसंदीदा गतिविधियों में से एक है। शाम के समय झील के किनारे टहलना और आसपास की रोशनी को पानी में प्रतिबिंबित होते देखना अत्यंत मनोहारी अनुभव होता है।

नैना देवी मंदिर भी यहाँ का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर नैनी झील के किनारे स्थित है और श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र है। इसके अतिरिक्त स्नो व्यू पॉइंट, टिफिन टॉप और केव गार्डन जैसे स्थान भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। स्नो व्यू पॉइंट से हिमालय की बर्फीली चोटियों का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है।

नैनीताल अपने स्थानीय बाजारों और स्वादिष्ट भोजन के लिए भी प्रसिद्ध है। मॉल रोड पर घूमना पर्यटकों को विशेष आनंद देता है। यहाँ ऊनी कपड़े, मोमबत्तियाँ और हस्तशिल्प वस्तुएँ खरीदी जा सकती हैं। स्थानीय भोजन में आलू के गुटके, भट्ट की चुड़कानी और बाल मिठाई विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।

यहाँ का शांत वातावरण परिवारों और नवविवाहित जोड़ों के लिए आदर्श माना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह स्थान स्वर्ग के समान है। आसपास के जंगलों में पक्षियों की मधुर आवाज़ और ठंडी हवा मन को ताजगी से भर देती है। नैनीताल तक सड़क और रेल मार्ग से आसानी से पहुँचा जा सकता है। निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम है, जहाँ से टैक्सी और बस की सुविधा उपलब्ध रहती है। यहाँ विभिन्न बजट के होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। जून में यहाँ का तापमान लगभग 12 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है।

नैनीताल की यात्रा व्यक्ति को प्रकृति के निकट ले जाती है। यहाँ की झीलें, पहाड़ और हरियाली जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। यदि कोई व्यक्ति जून की गर्मी से राहत पाना चाहता है, तो नैनीताल उसके लिए एक सुंदर और शांत पर्यटन स्थल सिद्ध हो सकता है।

# जून में भी बर्फ की चादर, Family Trip के लिए बना परफेक्ट हॉलिडे स्पॉट



मनाली का सबसे प्रसिद्ध आकर्षण रोहतांग दर्रा है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 13,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है और यहाँ जून में भी बर्फ देखने का अवसर मिल जाता है। पर्यटक यहाँ स्कीइंग, स्नो स्कूटर और फोटोग्राफी का आनंद लेते हैं। इसके अतिरिक्त सोलंग वैली भी रोमांचक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है।

हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय नगर मनाली जून महीने में घूमने के लिए सबसे उपयुक्त स्थलों में गिना जाता है। गमिर्यों के मौसम में जब मैदानों में तेज गर्मी पड़ती है, तब मनाली का मौसम ठंडा, सुहावना और मन को ताजगी देने वाला होता है। बर्फ से ढकी चोटियाँ, देवदार के घने जंगल, बहती नदियाँ और मनमोहक घाटियाँ मनाली को विशेष आकर्षण प्रदान करती हैं। यही कारण है कि हर वर्ष लाखों पर्यटक यहाँ छुट्टियाँ बिताने आते हैं।

जून के महीने में यहाँ का तापमान सामान्यतः 10 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जिससे यह स्थान परिवार, मित्रों और नवविवाहित दंपतियों के लिए आदर्श बन जाता है। मनाली का सबसे प्रसिद्ध आकर्षण रोहतांग दर्रा है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 13,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है और यहाँ जून में भी बर्फ देखने का अवसर मिल जाता है। पर्यटक यहाँ स्कीइंग, स्नो स्कूटर और फोटोग्राफी का आनंद लेते हैं। इसके अतिरिक्त सोलंग वैली भी रोमांचक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। पैराग्लाइडिंग, ज़ॉर्बिंग और घुड़सवारी जैसी गतिविधियाँ युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करती हैं।

मनाली में हिडिंबा देवी मंदिर भी अत्यंत प्रसिद्ध है। देवदार के पेड़ों के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। इसके अलावा मनु मंदिर और वशिष्ठ मंदिर भी देखने योग्य स्थल हैं। वशिष्ठ के गर्म पानी के झरने पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। कहा जाता है कि इन झरनों के पानी में औषधीय गुण पाए जाते हैं।

प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ मनाली स्थानीय संस्कृति और खानपान के लिए भी जाना जाता है। यहाँ के बाजारों में हिमाचली शॉल, हस्तशिल्प और ऊनी वस्त्रों की खरीदारी की जा सकती है। स्थानीय भोजन में सिड्डू, धाम और ट्राउट मछली विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। पर्यटक यहाँ कैफे संस्कृति का भी आनंद लेते हैं, जहाँ पहाड़ों के सुंदर दृश्य के बीच स्वादिष्ट भोजन परोसा जाता है।

मनाली तक पहुँचने के लिए सड़क मार्ग सबसे सुविधाजनक माना जाता है। दिल्ली और चंडीगढ़ से नियमित बस सेवाएँ उपलब्ध हैं। निकटतम हवाई अड्डा भुंतर में स्थित है, जो मनाली से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। यहाँ ठहरने के लिए लक्ज़री होटल से लेकर बजट गेस्ट हाउस तक सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

जून के महीने में मनाली की यात्रा पर्यटकों को प्रकृति के निकट ले जाती है। यहाँ का शांत वातावरण, ठंडी हवा और हिमालय का मनोरम दृश्य जीवन की भागदौड़ से राहत प्रदान करता है। यदि कोई व्यक्ति गर्मी से बचकर किसी ठंडी और सुंदर जगह पर छुट्टियाँ बिताना चाहता है, तो मनाली उसके लिए एक आदर्श विकल्प साबित हो सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682